# Swargiya Chandra Singh Shahi Government Post Graduate College Kapkote (Bageshwar)

## Annual Function 2023-2024

# उमंग-उल्लास से मनाया कपकोट डिग्री कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**बागेश्वर।** डिग्री कॉलेज कपकोट का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख गोविंद सिंह दानू और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, विक्रम सिंह शाही, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की। गरिमा, जया, सोनी, जयंती और टीम ने कुमाउनी, करिश्मा और पूजा ने नेपाली, पूजा ने शास्त्रीय

## मेधावियों और खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

और एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए।

एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रवींद्र भंडारी ने गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी करने वाले कैडेट पंकज तिरुवा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता भारत कोरंगा और कविता बसेड़ा और मेधावी बीना कपकोटी, कृतिका चौधरी, गरिमा नगरकोटी को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। वहां पर जिपं. सदस्य वंदना ऐठानी, हरीश मेहरा, भूपेश गढ़िया, भूपेंद्र कुमार, संयोजक सांस्कृतिक परिषद डॉ. दिव्या पाठक आदि मौजूद रहीं। संवाद

## Mental Health Awareness Program on 28th February 2024

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति छात्रों को किया जागरूक

### पोस्टर प्रतियोगिता कर छात्रों को मानसिक तनाव से दूर रहने की दी जानकारी





बागेश्वर। तनुज तिरुवा, चन्द्र सिंह शाही, राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कपकोट में, छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी गई। स्वास्थ शिविर का प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी, और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। वही मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश पोखरिया द्वारा छात्रों को मानसिक रोग के लक्षण, रोग से शरीर परिवार समाज पर इसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई, वही छात्रों के मानसिक स्वास्थ की काउंसलिंग कर छात्रों को मानसिक रोग से बचाव की जानकारी दी गई।आज के दौर में नशा, मानसिक विकृति, नकारात्मक सोच, सकारात्मक सोच की कमी, घरेलू हिंसा, गालीगलौच मारपीट सहित किसी भी प्रकार से मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव पड़ने से होने वाले नुकसान की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अपने आसपास किसी भी प्रकार से मानसिक विकृति से प्रभावित व्यक्ति के साथ प्रेम भाव बनाते हुए मानसिक रोगी की जानकारी स्वास्थ विभाग को देते हुए किसी भी जादू टोना या भूत प्रेत की भावना को छोड़कर मानसिक रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर उचित इलाज कराने की अपील की।वही मानसिक स्वास्थ्य से बचाव के लिए नियमित ध्यान एवं योगासन करने,और पर्याप्त नींद लेने से मष्तिष्क को मानसिक रोग से बचाव होने की जानकारी दी।डॉ नेगी सहित गोकुल सिंह कठायत, सीएचओ पल्लवी बिष्ट,आर एस के काउंसलर नेहा कुसुम, सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जोशी द्वारा किया गया।

---

अमर उजाला
नैनीताल | बृहस्पतिवार, 29 फरवरी 2024
amarujala.com
5

## मानसिक बीमारी का प्रमुख कारण है तनाव : डॉ. पोखरिया



संवाद न्यूज एजेंसी

### डिग्री कॉलेज कपकोट में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

## बच्चों ने जाना भाषा वंश आरेख

**Painting and Craft competition based on Uttarakhand Folk Art 27th April 2024**



amarujala.com
अमर उजाला कुमाऊं युवा Youth
नैनीताल | रविवार, 28 अप्रैल 2024
10

राजेश, गरिमा, उर्मिला और गायत्री जीते

**Environment Awareness Program 27th September 2023**



amarujala.com
Youth
नैनीताल | बृहस्पतिवार, 28 सितंबर 2023
7

वृक्ष बड़े उपयोगी इनकी सुरक्षा से ही स्वयं की सुरक्षा : मलड़ा

कपकोट/बागेश्वर। राजकीय महाविद्यालय कपकोट में चित्रकला और अंग्रेजी विभाग ने पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

**Annual Function 2022-2023 on 26th July 2023**



अमर उजाला
अल्मोड़ा

डिग्री कॉलेज के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रमों की धूम

कपकोट/बागेश्वर। डिग्री कॉलेज कपकोट का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सुरेश गड़िया ने छात्र-छात्राओं से अच्छी शिक्षा हासिल कर आदर्श समाज के निर्माण में सहयोग करने को कहा।

कपकोट

## Cartoon Painting Competition on 5th June 2023



मंगलवार, 6 जून 2023

अमर उजाला

**कमल और कृतिका ने जीती पेंटिंग प्रतियोगिता**

कपकोट/बागेश्वर। डिग्री कॉलेज कपकोट में चित्रकला परिषद ने कार्टून पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें कमल जोशी और कृतिका चौधरी ने संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए।

विश्व पर्यावरण दिवस विषय पर आधारित प्रतियोगिता का उद्देश्य कार्टून चित्रों के माध्यम से युवाओं को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। दीपा और सूरज देवली दूसरे, भावना कोरंगा तीसरे स्थान पर रहीं। संयोजक ममता सुयाल के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. भावना जोशी और निवेदिता लोहिया रहीं। संवाद

## Painting Competition on 27th May 2023



**कमल ने जीती चित्रकला प्रतियोगिता**

कपकोट/बागेश्वर। डिग्री कॉलेज कपकोट में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। छात्र-छात्राओं ने देश की महान विभूतियों के चित्र बनाकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कमल जोशी के बनाए गए चित्र को पहला पुरस्कार मिला।

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन चित्रकला विभाग की संयोजक ममता सुयाल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रविंद्र नाथ टैगोर, नंदलाल बसु, एमएफ हुसैन के चित्र बनाए। कृतिका जोशी, बीना गढ़िया ने प्रतियोगिता में दूसरा और दीपा ने तीसरा स्थान पाया। निर्णायक डॉ. भावना जोशी और निवेदिता लोहिया रहे। संवाद

## College level seminar on G-20 Conference on 27th March 2023



amarujala.com

नैनीताल | मंगलवार, 28 मार्च 2023

**डिग्री कॉलेज कपकोट में हुई गोष्ठी**

कपकोट। डिग्री कॉलेज में जी-20 शिखर सम्मेलन पर आधारित गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. बीसी तिवारी ने किया। उन्होंने जैविक खेती से आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। डॉ. एल्बा मंड्रेले ने जी-20 देशों के साथ भारत के संबंधों को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक ममता सुयाल ने जलवायु परिवर्तन आयाम और परिणाम पर विचार रखे। गोष्ठी का दीपिका नेगी ने किया। संवाद

**Annual Sports Competitions 2nd March 2023**

हिन्दुस्त

## 100, 400 मीटर दौड़ में इंद्रा-भरत अव्वल

कपकोट। डिग्री कॉलेज कपकोट ने क्रीड़ा दिवस धूमधाम के साथ मनाया। मुख्य अतिथि तीलू रौतेला पुरस्कार प्राप्त ममता मेहता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेल भावना के साथ मैदान में उतरने की अपील की। कॉलेज मैदान में आयोजित 100, 400 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में भरत प्रथम, बालिका में इंद्रा प्रथम स्थान पर रही। गोला क्षेपण में छात्र वर्ग में नितेश, छात्रा में हेमा प्रथम स्थान पर रही। अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य बीसी तिवारी, ममता सुयाल आदि मौजूद रहे।




**Alumni Meeting on 1st March 2023**

## पुरातन छात्रों ने किए अपने अनुभव सांझा

संसू, कपकोट : स्व. चंद्र सिंह शाही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरातन छात्र समिति की कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने नए छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। पुरानत छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कालेज सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यशाला में पुरातन छात्रों ने कहा कि यह कालेज खोलने के लिए यहां के लोगों ने मेहनत की है। उनके सपनों को पूरा करने के लिए यहां बेहतर शैक्षिक माहौल तैयार करना होगा। नए छात्रों के कंधों पर अहम जिम्मेदारी है, वह इसे बखूबी निभाए। समिति सदस्य व ज्येष्ठ प्रमुख हरीश मेहरा, ममता मेहता तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त, राजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, लक्ष्मण सिंह, पवन मेहरा, कृष्णा शाही उपस्थित थे।

हिन्दुस्त



बागेश्वर, कपकोट डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में नये व पुराने छात्र।

## पुरातन छात्रों ने किए अनुभव साझा

कपकोट। स्व. चंद्र सिंह शाही राजकीय स्नातक महाविद्यालय कपकोट में पुरातन छात्र समिति की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें उन्होंने नये छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किया। पुरानत छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कॉलेज सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यशाला में पुरानत छात्रों ने कहा कि यह कॉलेज खोलने के लिए यहां के लोगों ने मेहनत की है।

**Session by Police Department under Career Counselling on 21st February 2023**



**Skit Performed at Bageshwar Market under Anti-Drug campaign on 6th December 2022**

अमर उजाला

अल्मोड़ा-बागेश्वर

## नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी



नुक्कड़ नाटक करते राजकीय महाविद्यालय कपकोट के विद्यार्थी। संवाद

बागेश्वर। राजकीय महाविद्यालय कपकोट की नशा उन्मूलन समिति ने जिला मुख्यालय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं की टीम ने नगर के चौक बाजार, भराड़ी टैक्सी स्टैंड आदि स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किया। युवाओं ने प्रेरणादायी गीतों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बता तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, शराब, चरस, स्मैक आदि नशों से दूर रहने के लिए कहा।

लोगों को यातायात के नियमों का पालन कर सड़क पर सुरक्षित सफर करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. दिव्या पाठक, डॉ. शालिनी पाठक, डॉ. कल्पना जोशी, कोतवाल केएस नेगी आदि मौजूद रहे।

नैनीताल | बुधवार, 7 दिसंबर 2022 | 3

**Orientation Program on 1st October 2022**

अमर उजाला

## महाविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी

कपकोट (बागेश्वर)। कपकोट महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। अभिविन्यास कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पीसी तिवारी ने किया।

प्राध्यापिका दिव्या पाठक ने सांस्कृतिक परिषद, पुस्तकालय प्रवेश संबंधी, मुन्नी जोशी ने एनसीसी, पुरातन छात्र संगठन, शिक्षक-अभिभावक संघ, बलजीत ने एनएसएस, अनुसूचित जाति शिकायत प्रकोष्ठ, भगवती टम्टा ने छात्रवृत्ति, दीपिका नेगी ने कैरियर काउंसलिंग, प्रियंका गुप्ता ने एंटी ड्रग सेल के बारे में जानकारी दी।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ शिक्षा हासिल करने और महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखने की अपील की। संवाद

## Hindi Diwas Program on 14th September 2022

# प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित किया



बागेश्वर में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्य डॉ. आशा तिवारी।

बागेश्वर, संवाददाता। जिले में हिन्दी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों में निबंध, चित्रकला समेत विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गईं। अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। यहां आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने हिन्दी को विश्व का सर्वश्रेष्ठ भाषा बताया। राइका बागेश्वर में हिन्दी दिवस पर निबंध, लेखन व चित्रकला, कविता, वादन एवं भाषण प्रतियोगिता हुई।

प्रधानाचार्य दीप जोशी ने एक कविता से हिन्दी भाषा की वर्तमान स्थिति एवं उसकी दुर्दशा पर चिंता जताई। कार्यक्रम का संचालन संजय टम्टा ने किया। अव्वल रहे प्रतिभागीय सम्मानित किए गए। उधर कांडा डिग्री कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हिन्दी दिवस मनाया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नरेंद्र पाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कविता, भाषण गीत आदि प्रतियोगिता हुई। स्व. चंद्रसिंह शाही डिग्री कॉलेज में हिन्दी विभाग के कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. बीसी तिवारी ने किया। यहां डॉ. दिव्या पाठक, डॉ. राजीव बिष्ट, डॉ. रीता आर्या दीपिका नेगी, डॉ. भगवती टम्टा, डॉ. शालिनी पाठक मौजूद रहे। महाविद्यालय गरुड़ में हिंदी दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर प्रेमलता कुमारी ने कहा कि हिन्दी हमारी शान है। हिन्दी में हर कार्य सरलता से संपन्न हो जाता है। इस मौके पर डॉ. शिवप्रकाश राय, डॉ. करुणा मिश्र, डॉ. लता आर्या, रेखा कुमारी, शेर राम टम्टा, गंगा राम, पवन बायल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हेमचंद्र दुबे ने किया। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल कठायतबाड़ा में हिन्दी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ.आशा तिवारी ने कहा कि हिन्दी के समृद्ध भाषा साहित्य और वैज्ञानिक आधार पर रचित व्याकरण से विश्व की श्रेष्ठतम भाषा है। यहां अपर्णा कांडपाल, कुसुमलता साह, लक्ष्मण, नवीन धामी, जिया नेगी, मोहन कुंवर, प्रकाश रहे।

## Nutrition Week Program by NSS in September 2022

ल्मोड़ा-बागेश्वर

हल्द्वानी, मंगलवार, 13 सितंबर 2022

### राष्ट्रीय पोषण मास सप्ताह मनाया

कपकोट। स्व. चंद्र सिंह शाही डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण मास सप्ताह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. बीसी तिवारी ने किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. भुवन जोशी, एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीके झा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कलजीत ने कार्यक्रम के महत्व के बारे में जानकारी दी।

**Oath taken on Himalaya Diwas on 9th September 2022**



**College Level Seminar on NEP 2020 on 10th August 2022**



नैनीताल | शुक्रवार, 12 अगस्त 2022


अमर उजाला

**विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की जानकारी दी**

कपकोट (बागेश्वर)। कपकोट महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की जानकारी दी गई। गोष्ठी में प्राचार्य बीसी तिवारी ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम संयोजक ममता सुयाल ने भी विभिन्न जानकारी दी। नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। संवाद

**Har Ghar Tiranga Rally 9th August 2022**



**कांडा-कपकोट डिग्री कॉलेज में निकाली यात्रा**

कांडा। अमृत महोत्सव के तहत राजकीय महाविद्यालय कांडा में हर घर तिरंगा अभियान रैली निकाली। इसमें कांडा पुलिस भी शामिल हुई। डा. नागेंद्र पाल, थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. शालिनी पांडेय, डॉ. निधि रहीं। उधर, कपकोट डिग्री कॉलेज में भी तिरंगा यात्रा की अगुवाई प्राचार्य डॉ. बीसी तिवारी ने की। लेफ्टिनेंट डॉ. मुन्ना जोशी, डॉ. पीके झा, डॉ. बलजीत आदि थे।

**Alumni Council Formation on 21st July 2022**

# हरीश पुरातन छात्र परिषद के बने सचिव

**संसू, कपकोट** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरातन छात्र परिषद का गठन किया गया। पूर्व छात्र हरीश मेहरा को उपसचिव, ममता मेहता कोषाध्यक्ष, लीला शाही कार्यक्रम समन्वयक बनाया गया। परिषद के अध्यक्षत प्रभारी प्राचार्य डा. बसीसी तिवारी ने कहा कि परिषद का उद्देश्य पूर्व छात्रों को भावनात्मक रूप से वर्तमान छात्रों से जोड़ना है। पुरातन छात्र विकास में भूमिका निभाएंगे।

**Annual Sports Competitions 2021-2022 on 11th April 2022**

# ललित व गीतांजलि ने सभी को पछाड़ा



## डिग्री कॉलेज कपकोट में खेल प्रतियोगिताएं शुरू

**बागेश्वर।** स्व. चंद्र सिंह शाही डिग्री कॉलेज कपकोट की दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्राचार्य डा. संतोष कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 100, 200 मीटर की दौड़ में ललित व गीतांजलि ने सबको पछाड़ दिया। प्राचार्य ने सभी से खेल भावना के साथ मैदान में उतरने की नसीहत दी। हार-जीत खेल का हिस्सा है। मंगलवार को डिग्री कॉलेज खेल मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। 100 मीटर छात्र वर्ग की दौड़ में ललित सिंह प्रथम, रोहित द्वितीय तथा सुंदर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में गीतांजलि गड़िया प्रथम, मनीषा मेहता द्वितीय तथा इंद्रा गड़िया तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर में ललित, रोहित, कवींद्र, छात्रा वर्ग में इंद्रा, गीतांलजि, मनीषा क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह गोला क्षेपण के छात्र वर्ग में महेश, भुवन, कविंद्र छात्रा वर्ग में गंगा, नेहा, दीपा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर डा. बीसी तिवारी, डा. नीता साह, डा. ममता सुयाल, डा. मुन्ना जोशी, एल्वा मंडेले, दिव्या पाठक आदि मौजूद रहे।

**Installation of Nests for Sparrows at College premises**

## गौरैया की विलुप्ति पर जताई चिंता

**कपकोट।** स्व. चंद्र सिंह शाही डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को गौरैया के संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई। विलुप्त हो रही गौरैया पर वक्ताओं ने चिंता जताई। साथ ही इसके संरक्षण पर बल दिया। इसके साथ ही कॉलेज में घौसले स्थापित किए गए।

प्राचार्य संतोष कुमार ने महाविद्यालय परिसर में गौरैया के संरक्षण के लिए पांच घौसले स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि घरों को अपनी मधुर ध्वनि से चहकाने वाली गौरैया अब विलुप्त होते जा रही है। खूबसूरत आकार वाली छोटी पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था है। गौरैया के अस्तित्व पर संकट के बादल छाने लगे हैं। इसके संरक्षण पर बल दिया गया। इस मौके पर पूजा लोहिया, डॉ. बीसी तिवारी, ममतला सुयाल, डॉ. नीता साह, डॉ. मुन्ना जोशी, शालिनी पाठक रहे।



कपकोट के डिग्री कालेज में गौरैया के लिए बनाए गए आशियाने • जागरण

## विलुप्त होती जा रही गौरैया के संरक्षण को आगे आए लोग

संसू, कपकोट : स्व. चंद्र सिंह शाही डिग्री कालेज में शुक्रवार को गौरैया के संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। विलुप्त हो रही गौरैया पर वक्ताओं ने चिंता जताई। साथ ही इसके संरक्षण पर बल दिया। इसके साथ ही कालेज में घौंसले स्थापित किए गए। प्राचार्य संतोष कुमार ने महाविद्यालय परिसर में गौरैया के संरक्षण के लिए पांच घौंसले स्थापित किए हैं। कहा कि घरों को मधुर ध्वनि से चहकने वाली गौरैया विलुप्त होती जा रही है।

**Documentary Shown to students on Dandi March on 12th March 2021**

## छात्र-छात्राओं ने देखी डांडी मार्च पर लघु फिल्म

**कपकोट/बागेश्वर।** राजकीय महाविद्यालय कपकोट में अमृत महोत्सव पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीसी तिवारी ने छात्र-छात्राओं को डांडी मार्च पर आधारित लघु फिल्म दिखाई। सांस्कृतिक प्रिषद की संयोजक एल्बा मंड्रेले ने बताया कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम पांच अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान डॉ. नीता साह, डॉ. मुन्ना जोशी, डॉ. पवन कुमार झा, डॉ. शालिनी पाठक, डॉ. कल्पना जोशी, पूजा लोहिया आदि थीं। (संवाद)

## विद्यार्थियों को दी डांडी मार्च की जानकारी

कपकोट। राजकीय महाविद्यालय कपकोट में आजादी का अमृत महोत्सव प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को डांडी मार्च की जानकारी दी साथ ही इस पर आधारित वीडियो भी दिखाई गई। सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ करते हुए इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीसी तिवारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है। उद्देश्य विद्यार्थियों को इतिहास की जानकारी देना है। प्रथम चरण में उन्होंने डांडी मार्च की जानकारी दी। कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी के डांडी मार्च का विशेष महत्व है। कहा कि महोत्सव के माध्यम से आयोजित इस महोत्सव कार्यक्रम में विविध जानकारी दी जाएगी। महोत्सव पांच अप्रैल तक चलेगा। इस अवसर पर डॉ. नीता शाह, डॉ. मुन्ना जोशी, डॉ. पवन कुमार झा, डॉ. शालिनी, पूजा लोहिया, डॉ. कल्पना जोशी, प्रियंका गुप्ता, रेनू जोशी, डॉ. बलजीत आदि उपस्थित थे।

**Competition on International Mother Language Day 23rd February 2021**



नियुक्त किया गया ...

## प्रतियोगिता में अर्चना अव्वल

कपकोट/बागेश्वर। मातृभाषा दिवस पर राजकीय महाविद्यालय कपकोट ने तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता कराई। राजकीय महाविद्यालय गरुड़ की छात्रा अर्चना भंडारी ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर पहला पुरस्कार प्राप्त किया। संयोजक एल्बा मंड्रेले ने बताया कि व्हाट्सएप की मदद से छात्र-छात्राओं ने हर एक विषय की अलग-अलग वीडियो बनाकर भेजी। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. ममता सुयाल, डॉ. बलजीत और डॉ. प्रियंका गुप्ता ने तीन वीडियो का चयन प्रथम, द्वितीय और तृतीय

**College level seminar on NEP 2020 on 21st September 2020**



## संस्कृत को बढ़ावा देने पर जोर

कपकोट(बागेश्वर)। कंपकोट डिग्री कॉलेज में हुई विचार गोष्ठी में प्राध्यापकों ने नई शिक्षा नीति पर विचार रखे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि समाज के विकास के लिए विद्यार्थियों को सामाजिक, नैतिक, चारित्रिक और राजनीतिक मूल्यों की शिक्षा देना आवश्यक है। उन्होंने संस्कृत को बढ़ावा देने पर जोर दिया। डॉ. बीसी तिवारी ने डिजिटल शिक्षा के बारे में बताया। निवेदिता लोहिया, डॉ. मुन्ना जोशी, डॉ. पीके झा, प्रमोद कुमार आदि ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. नीता साह, ममता सुयाल, रेनू जोशी, पूजा लोहिया आदि थे। संवाद

**Online Competition on Hindi Diwas 2020**



## राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने का संकल्प लिया

अल्मोड़ा/रानीखेत/बागेश्वर। गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा शुरू हो गया है। इसके पहले दिन [illegible] हुई। इसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों और शोधार्थियों ने भाग लिया। प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार यादव ने हिंदी का महत्व बताया। उन्होंने प्रतिभागियों से राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने और हिंदी के प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। संयोजक वैज्ञानिक डॉ. वसुधा अग्निहोत्री, तकनीशियन डॉ. सुबोध ऐरी ने कहा कि दैनिक कामकाज में हिंदी का अधिक प्रयोग किया जाए। वहीं केंद्रीय विद्यालय रानीखेत में हिंदी पखवाड़ा शुरू हो गया है। इसे हिंदी पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। प्राचार्य सुनील कुमार जोशी ने इसका शुभारंभ किया। हिंदी शिक्षिका दीपा ने हिंदी भाषा का महत्व बताया। शिक्षक राजेंद्र पांडे ने हिंदी भाषा पर कविता सुनाई। इस दौरान छठी से 12वीं तक के बच्चों की ऑनलाइन आशुभाषण और हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता हुई। उपप्राचार्य प्रवीण शर्मा ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के तहत 14 दिनों तक कई प्रतियोगिताएं होंगी। राजकीय महाविद्यालय कपकोट में हिंदी विभाग की ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता हुई। इसका विषय था-बाजारवाद और हिंदी। हिंदी विभाग की डॉ. नीता साह ने बताया कि ऑनलाइन प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर और एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी सबसे हावी रहे। बीए पंचम सेमेस्टर की कविता सोनी ने पहला स्थान पाया। बीए पंचम सेमेस्टर की कमला कोरंगा ने दूसरा, बीए पंचम सेमेस्टर की खुशी ने तीसरा स्थान पाया। संवाद

**Launching of College Magazine on 28th August 2020**



05 हिन्दुस्तान

## पिंडर घाटी में बिजली और संचार सुविधा दुरुस्त करें

हालात : बात तेज विक

### कपकोट स्थित राजकीय महाविद्यालय में पत्रिका का विमोचन किया

**Nutrition Week Online Program 2020**

## ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में पूनम प्रथम

**कपकोट (बागेश्वर)।** पोषाहार सप्ताह के तहत कपकोट स्वर्गीय चंद्र सिंह शाही डिग्री कॉलेज में हुई ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में पूनम राणा पहले, अंजली दूसरे और रंजना तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता की निर्णायक चित्रकला विभाग से ममता सुयाल और हिंदी विभाग से डॉ. नीता साह थीं। संवाद

**Online Cultural Program Competition 2020**

## नृत्य प्रतियोगिता में कनिष्का का डंका

**कपकोट/बागेश्वर।** राजकीय महाविद्यालय कपकोट के सांस्कृतिक परिषद द्वारा 15-16 जून को ऑनलाइन नृत्य और गायन प्रतियोगिता कराई थी। शुक्रवार को प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की कनिष्का पांडे ने प्रथम , इसी महाविद्यालय की रितिका बोरा ने द्वितीय और राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार की रश्मि रावत और राजकीय महाविद्यालय द्वाराहाट की प्रियंका आर्या ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय पिथौरागढ़ के रजत पांडे ने पहला, राजकीय महाविद्यालय बागेश्वर की प्रिया आर्या ने दूसरा और राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की ज्योति बोहरा व राजकीय महाविद्यालय सोमेश्वर के करण सिंह बिष्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में मंजू मेलकानी, स्वाति, पूजा लोहिया और गायन प्रतियोगिता में डॉ. नीता साह, दीपा नंदा, विजय कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। राजकीय महाविद्यालय कपकोट के प्राचार्य डॉ. बीसी तिवारी ने सभी विजेता और प्रतिभागियों को बधाई दी। संवा



**International Literacy Day Program 2020**

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंजली प्रथम

कपकोट (बागेश्वर)। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर डिग्री कॉलेज कपकोट में हुई ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंजली कोहली ने पहला स्थान प्राप्त किया। दया कपकोटी दूसरे और काजल तिवारी तीसरे स्थान पर रहीं। डिग्री कॉलेज कपकोट के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में कई छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। समन्वयक डॉ. बीसी तिवारी, सह समन्वयक एल्बा मेड़ेले, आयोजक प्रमोद कुमार ने सभी को बधाई दी है। संवाद

**Anti-Drug Program 2019**

# तंबाकू के सेवन से लगातार बढ़ रहे कैंसर के मरीज



बागेश्वर के कपकोट महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं • जागरण

संसू, कपकोट: चंद्र सिंह शाही राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। मौके पर छात्र-छात्राओं को नशे के कुप्रभाव के बारे में जागरूक करते हुए लोगों को इस दुष्प्रभाव बचाने के लिए आगे आने की अपील की गई।

स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय में नशे के समूल नाश को अभियान चलाया गया। मौके पर तंबाकू पर नियंत्रण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कंचन मिश्रा, दिनेश कुमार, दीक्षा शर्मा पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। विषय विशेषज्ञों ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। जिसका प्रमुख कारण तंबाकू का सेवन करना है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से इसके खिलाफ व्यापक जनजागरूकता फैलाने के लिए सहयोग करने की अपील की। इसके लिए अपने घर से ही हम शुरुआत करें। बताया है सिगरेट पूरी तरह प्रतिबंधित हो गई है, अगर कोई इसे बेचता हुआ दिखाई देता है तो उस पर कार्रवाई होगी। प्राचार्य डॉ. एके जोशी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर डॉ. मुन्ना जोशी, डॉ. जय प्रताप, मनोज कोरंगा, एल्बा मंडेला, डॉ. पीके झा, जय जोशी, संदीप कुमार, डॉ. गिरीश पंत, डॉ. नीता शाह, ममता सुयाल, डॉ. कल्पना जोशी, रेनू जोशी, पूजा लोहिया, दीपक आदि मौजूद रहे।

**National Education Day 11th November 2019**

# मौलाना अबुल कलाम आजाद को याद किया

कपकोट/गरुड़। राजकीय महाविद्यालय कपकोट में देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को उनकी 131वीं जयंती पर याद किया गया। प्राध्यापकों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं से उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज व देश हित में काम करने को कहा। कार्यक्रम में निबंध और व्याख्यान प्रतियोगिता भी कराई गई। इधर, राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में भी उनकी जयंती पर विविध कार्यक्रम हुए।

निबंध प्रतियोगिता में कंचन मिश्रा ने पहला, ममता दानू ने दूसरा और आनंद बोरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। व्याख्यान प्रतियोगिता में भी कंचन मिश्रा और ममता दानू क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

REPLY

**One Day College Level Seminar on Upgradation and Innovation in Higher Education on 18th November 2019**

# संस्कारवान शिक्षा के साथ चलें रोजगारपरक कोर्स



बागेश्वर के कपकोट महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित वक्ता ● जागरण

**संसू, कपकोट:** उच्च शिक्षा में गुणवत्ता उन्नयन व नवाचार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर कालेज में संस्कारयुक्त शिक्षा साथ रोजगारपरक विषय चलाने पर जोर दिया गया।

चंद्र सिंह शाही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि बसंती देव ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में रोजगारपरक शिक्षा की जरुरत है। उच्च शिक्षा में इस तरह के प्रयोग शुरू हो गए है। तकनीक के क्षेत्र में अभी हम काफी पिछड़े हुए है। कॉलेज स्तर पर भी ऐसे विषय आने चाहिए जिससे वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं तकनीकी को बेहतर तरीके से समझ सके। वर्तमान समय में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है, इसलिए उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद बेरोजगारी बढ़ रही है। यूजीसी को विशेष तौर पर इस ओर ध्यान देने की जरुरत है। पूर्व प्राचार्य प्रो. रेखा पांडे ने कहा कि महाविद्यालय लगातार आगे बढ़ रहा है। पढ़ाई के साथ खेल भी जरुरी है। उन्होंने छात्रों से मेहनत और लगन से पढ़ाई करने को कहा। कालेज के प्राध्यापक डॉ. नीता साह, ममता सुयाल, डॉ. मुन्ना जोशी, डॉ. कल्पना जोशी, रेनू जोशी, पूजा लोहिया, दिनेश कुमार ने इस विषय विस्तार से अपनी बात रखी। प्राचार्य डॉ. एके जोशी ने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, ब्लॉक प्रमुख गोविंद सिंह दानू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, हरीश मेहरा, विक्रम सिंह शाही, डॉ. बीसी तिवारी, डॉ. एल्बा मंड्रेला, सरस्वती गर्ब्याल, संगीता ध्यानी, नवीन सिंह, रोहित कुमार, हंसी देवी सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# किताब, नेट से होगी बेहतर तैयारी

**कपकोट डिग्री कॉलेज में हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने जताई उम्मीद**



**ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कार्यशाला 22 को**

**Inter Collegiate Yoga Competition organized by GDC Kapkote 2019**



एसएसजे और हल्द्वानी विजेता बने

योग प्रतियोगिता

**Participation in Kho-Kho competition at G.P.G.C Lohaghat 2019**



खो-खो : कपकोट, नैनीताल रामनगर और हल्द्वानी विजेता

पुरुष वर्ग की अंतरमहाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

लोहाघाट पीजी कॉलेज में अंतर महाविद्यालयी खो खो प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

लोहाघाट (चंपावत)। राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में दो दिवसीय पुरुष वर्ग की अंतरमहाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। रविवार को प्राचार्य प्रोफेसर सुशील कुमार मकरानी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि मायावती आश्रम के स्वामी नरसिंहानंद और कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी नागेंद्र शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की नसीहत दी। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में कपकोट, नैनीताल, रामनगर और हल्द्वानी की टीमें पहुंचीं।

पहले मैच में कपकोट ने हल्दूचौड़ को 5-4 से हराया। बागेश्वर ने अल्मोड़ा कैंपस को 6-5 से, खटीमा ने काशीपुर को 13-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल मैचों में कपकोट ने रुद्रपुर को 7-6 से, नैनीताल कैंपस ने लोहाघाट को 4-3, रामनगर ने बागेश्वर को 7-6 से और हल्द्वानी ने खटीमा को 3-2 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ.तौफिक अहमद ने किया। इस मौके पर डॉ. धर्मेंद्र राठौर, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. सुमन पांडेय, डॉ. रवि सनवाल, डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ. विमला देवी, डॉ. रुचिर जोशी, डॉ. कमलेश सक्टा आदि ने सहयोग किया। प्रतियोगिता में रामनगर, हल्द्वानी, नैनीताल, अल्मोड़ा, खटीमा, बागेश्वर सहित कुल 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

**Anti-Drug Program 28th September 2019**



# छात्रों को बताए नशे के दुष्परिणाम

**कपकोट।** राजकीय महाविद्यालय में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम विषय पर गोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता जिला विधिक प्राधिकरण के भूपेंद्र कुमार ने नशे के बढ़ते चलन और उससे युवाओं में पनप रही आपराधिक प्रवृत्ति की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि युवा ही इस बुराई का अंत कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. एके जोशी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नशे को पूरी तरह से समाप्त करना है। जिसके लिए छात्रों को आगे आना होगा। यहां एल्बा मंड्रोले, डॉ. नीता साह, डॉ. मुन्ना जोशी, ममता सुयाल, डॉ. पीके झा, डॉ. रेनू जोशी, पूजा लोहिया आदि मौजूद रहे।

**Formation of P.T.A. (Parents Teachers Association) 2019**



## कमला और कृष्णा बने पीटीए अध्यक्ष

[illegible] कृष्णा [illegible] अध्यक्ष चुने गए। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उमेश [illegible] ने की। यहां रमेश सिंह मेहता, राजन [illegible], अमर लाल साह, बहादुर सिंह, सुरेश राम, जोगा राम आदि थे। इधर स्व. चंद्र सिंह शाही राजकीय महाविद्यालय कपकोट में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। इसमें कमला देवी अध्यक्ष, गीता उपाध्याय उपाध्यक्ष, डॉ. मुन्ना जोशी सचिव, हंसी शाही उपसचिव, गंगोत्री रावत कोषाध्यक्ष चुनी गईं। इसके अलावा डॉ. ममता सुयाल, डॉ. पवन कुमार झा, कमला देवी, चंद्रा देवी, डॉ. एके जोशी कार्यकारिणी सदस्य चुने

कृष्णा [illegible]

## Career Counselling Program 2019

# परीक्षा में सफल होने के दिए टिप्स

**संवाद सूत्र, कपकोट:** राजकीय महाविद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौके पर युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स भी दिए गए।

बाल विकास विभाग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस-किस क्षेत्र में कैरियर बनाया जा सकता है। कैरियर काउंसिलिंग के दौरान उन्होंने छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए। जिला शिक्षाधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि अब महिलाएं भी लगातार आगे बढ़ रही हैं। पढ़ लिख कर वह रोजगार से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में ... स्थापित कर रही हैं। उन्होंने सभी से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की भी अपील की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कविता, भाषण आदि के जरिए बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. एके जोशी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। ताकि छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए दिशा मिल सके। उन्होंने किस क्षेत्र में कैरियर का सही चुनाव करना है वह जान सकें। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ बृजेश सिंह रावत, एआरटीओ कृष्ण चंद्र पलड़िया, ... मेड़ेला, उर्मिला बिष्ट, अनीता आर्य, दीक्षा शर्मा, नीमा दानू सहित कई लोग मौजूद थे।



कपकोट महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं • जागरण

# संवेदीकरण कार्यशाला में कॅरिअर काउंसलिंग

**कपकोट/बागेश्वर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से स्व. चंद्र सिंह शाही राजकीय महाविद्यालय कपकोट में संवेदीकरण कार्यशाला और करिअर काउंसलिंग की गई।

कपकोट के एसडीएम प्रमोद कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र प्रसाद बिष्ट, डीईओ माध्यमिक नरेश शर्मा, बीडीओ आलोक भंडारी, एआरटीओ कृष्ण चंद्र पलड़िया ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सुझाव दिए। इसके लिए प्रमाणिक पुस्तकों, कार्ययोजना, समय प्रबंधन एवं परीक्षापयोगी साहित्य की जानकारी दी गई। कार्यशाला में महाविद्यालय प्राचार्य अवनेंद्र कुमार जोशी, समस्त शिक्षकगण, महिला शक्ति केंद्र के समस्त कर्मचारी, राष्ट्रीय पोषण मिशन के कर्मचारी, 25 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 150 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। ब्यूरो

## Fresher Party 2019-2020



हिन्दुस्तान 06

अमित मिस्टर फ्रेशर और चंद्रकांता मिस फ्रेशर बनी

7

अमित मिस्टर और चंद्रकांता मिस फ्रेशर

## Poster Competition 2019



हिन्दुस्तान 06

कृतिका ने सबसे सुंदर पोस्टर बनाया

**Yoga day 2019**



अमर उजाला
amarujala.com
नैनीताल
शनिवार, 22 जून 2019

कपकोट (बागेश्वर)। स्व. चंद्र सिंह शाही राजकीय महाविद्यालय कपकोट के प्रांगण में आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षक त्रिलोक सिंह शाही ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने करो योग रहो निरोग का नारा दिया। यहां डा. नीता शाह, डा. मुन्ना जोशी, कल्पना जोशी, रेनू जोशी, पूजा लोहिया, जुगलकिशोर जोशी, गिरीश सिंह बिष्ट, बलवंत सिंह, हंसी देवी, हरीश मेहरा, कृष्णा सिंह शाही, सौरव शाही, भानु पांडिया आदि थे। ब्यूरो

**Pot Decoration Competition 2018**



उत्तराखण्ड/विविध
नैनीताल, रविवार 28 अक्टूबर, 2018

पॉट डेकोरेशन रजनी और कृतिका अव्वल

अमर उजाला

**Formation of Drawing & Painting Departmental Council 2018**



चित्रकला परिषद का हुआ गठन

कपकोट (बागेश्वर)। चंद्र सिंह शाही राजकीय महाविद्यालय में चित्रकला परिषद का गठन हो गया है। प्राचार्य डा. एके जोशी ने बताया कि परिषद के लिए नीता अध्यक्ष, कमला सचिव और कृतिका चौधरी सह सचिव का दायित्व मिला है। बताया कि परिषद की ओर से पांच सितंबर को कार्ड मेकिंग, 25 अक्तूबर को पॉट डिजाइनिंग, 14 नवंबर को रंगोली जबकि फरवरी महीने में ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. ममता सुयाल मौजूद थी। ब्यूरो

**NSS cleanliness campaign 2018**



03 हिन्दुस्तान
हल्द्वानी • सोमवार • 17 दिसंबर 2018

स्वयं सेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

कपकोट। चंद्र सिंह शाही राजकीय महाविद्यालय कपकोट के एनएसएस छात्र-छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर के आसपास उग रही गाजर घास को नष्ट किया। साथ ही लोगों को पॉलीथिन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। रविवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीता शाह के नेतृत्व में चल रहे एक दिवसीय शिविर में स्वच्छ भारत के बारे में लोगों को बताया गया। बौद्धिक सत्र में डॉ. ... ने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। ... आदि रहे।